राजस्थान सरकार

आयुक्तालय, कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

Block-4, RKS Sankul, JLN Road, Jaipur- 302015, Rajasthan

Website: http://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/ e-mail: innovation.cceraj@gmail.com Ph.: 0141-2706847 (O);

पत्रांक : CCE/ISDC/Digital Quizathon/2021/Spl./113; दिनांक : 24 August 2021

कुल सचिव
राज्य वित्त पोषित एवं निजी विश्वविद्यालय
राजस्थान।

विषय : उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कॉलेज शिक्षा विभाग द्वारा डिजीटल क्विजथॉन का आयोजन करवाने जाने बाबत्।

भारत में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार क्रान्ति के जनक एवं भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी के योगदान को युवा पीढी तक पहुंचाने एवं देश में सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रहे विकास के बारे में युवाओं को जागरुक करने के लिये, ताकि इस युवा शक्ति का विकास के लिये सदुपयोग हो सके, कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान दिनांक 1–7 सितम्बर 2021 की अवधि में एक **राज्य स्तरीय डिजीटल क्विजथॉन** का आयोजन करवाने जा रहा है। इस कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा किया जा चुका है।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT) राजस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस **राजीव–2021 डिजीटल क्विजथॉन** में **राजस्थान के राजकीय एवं निजी सभी उच्च शिक्षण संस्थानों – महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों, पॉलीटेक्निक एवं इन्जीनियरिंग कॉलेजों के वर्तमान में नियमित पंजीकृत विद्यार्थी भाग ले सकते हैं।** इसमें प्रतिभागियों के लिये आयु सीमा 17 वर्ष से 23 वर्ष निर्धारित की गई है, जिसमें 1 जनवरी 2021 को न्यूनतम आयु 17 वर्ष एवं 31 अगस्त 2021 को अधिकतम आयु 23 वर्ष को आधार माना जायेगा। एक सप्ताह तक चलने वाले इस डिजीटल क्विजथॉन में तीन प्रतियोगिताएं– **1 सितंबर को** ''सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति एवं कंप्यूटर'' विषय पर, **3 सितंबर को** ''स्थानीय शासन में सूचना प्रौद्योगिकी क्रांति से सुशासन'' विषय पर तथा **6 सितंबर को** सामान्य ज्ञान एवं जागरूकता विषय पर ऑनलाइन प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जायेंगी।

इस डिजीटल क्विजथॉन में भाग लेने के लिये सभी इच्छुक विद्यार्थियों को सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग (DoIT) की वेबसाइट **https://doitc.rajasthan.gov.in/** पर जाकर **रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।** इसकी सूचना कॉलेज शिक्षा विभाग राजस्थान की वेबसाइट **https://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/** पर भी उपलब्ध है। रजिस्ट्रेशन के लिये ई–मेल आई डी एवं मोबाइल नम्बर अनिवार्य हैं, तथा एक ई–मेल आई डी से एक ही रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। साथ ही **लॉग इन करने के लिये सभी को अपनी SSO आईडी का उपयोग अनिवार्य रखा गया है।** इच्छुक विद्यार्थी DoIT की वेबसाइट पर **SSO आईडी** से **लॉग इन करके Citizen App पर जाकर** रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

इस डिजीटल क्विजथॉन में भाग लेने के लिये **रजिस्ट्रेशन आरम्भ हो चुके हैं, जो कि 26 अगस्त 2021 तक किये जा सकेंगे। रजिस्ट्रेशन पूर्णतः निःशुल्क है।**

यह डिजीटल क्विजथॉन ऑनलाइन मोड़ पर आयोजित करवाई जायेगी एवं इसमें प्रत्येक दिन होने वाली ऑनलाइन प्रतियोगिता में 75 वस्तुनिष्ठ (MCQ) प्रश्न पूछे जाएंगे। प्रतियोगिता का माध्यम हिंदी भाषा रहेगा। **परीक्षा का समय एक घण्टा मध्यान्ह 12.00 से अपराह्व पश्चात 1.00 बजे तक रहेगा।**

इस डिजीटल क्विजथॉन की **तीनों प्रतियोगिताओं में से प्रत्येक में श्रेष्ठतम 25 प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार रुप में एक–एक टैबलेट दिया जाएगा, तथा इनसे अगले 30 प्रतिभागियों को द्वितीय पुरस्कार रुप में एक–एक मोबाइल फोन अथवा कोई अन्य आकर्षक पुरस्कार दिया जाएगा।** इस प्रकार तीनों प्रतियोगिताओं में मिलाकर कुल 75 प्रथम पुरस्कार एवं 90 द्वितीय पुरस्कार दिये जायेंगे। **इस क्विजथॉन के परिणाम 10 सितम्बर को घोषित किये जायेंगे।**

इस संबंध में सभी राजकीय एवं निजी विश्वविद्यालयों से अपेक्षा है कि वे उपयुक्त आयु वर्गानुसार अधिकाधिक विद्यार्थियों तक इस सूचना को पहुंचवाये जाने की व्यवस्था करावें ताकि अधिकाधिक विद्यार्थी इसमें भाग ले सकें।

विश्वविद्यालय स्तर पर एक प्रभारी अधिकारी इस कार्यक्रम के लिये नामित कर इसकी सूचना आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान के नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ की ई–मेल पर भिजवाये जाने का श्रम करें। इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अथवा सहायता हेतु प्रभारी अधिकारी डा. विनोद कुमार भारद्वाज से 9414304650 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

संदेश नायक IAS
आयुक्त,
कॉलेज शिक्षा राजस्थान

पत्रांकः CCE/ISDC/Digital Quizathon/2021/Spl./113; दिनांक : 24 August 2021

प्रतिलिपी सूचनार्थ :

1. निजी सचिव, शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा, राजस्थान।
2. निजी सचिव, आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
3. प्राचार्य, संघटक महाविद्यालय–महारानी, महाराजा, राजस्थान एवं वाणिज्य, राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर।
4. प्रभारी आई.टी. आकाशि को अपलोड/ईमेल करने हेतु।
5. रक्षित पत्रावली।

डा. विनोद कुमार भारद्वाज
प्रभारी अधिकारी
राज्य स्तरीय डिजीटल क्विजथॉन, तथा
नवाचार एवं कौशल विकास प्रकोष्ठ